E.D.S

Proposal No. FP/UP/MIN/29061/2017

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र ,मीरजापुर

पत्रांकःसा0– 3628 **/ मी0क्षे0 / 33/ दिनांक, मीरजापुर, मार्च** 07 **, 2019**

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी ,
रेनूकूट वन प्रभाग,
रेनूकूट ।

विषय– रेनूकूट वन प्रभाग अन्तर्गत नार्दन कोल फील्ड्स लि0 की ककरी परियोजना को लीज पर हस्तान्तरित 185.84 हे0 वन भूमि के लीज का नवीनीकरण प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ– आपका पत्रांक 2869 / रेनूकूट / 15–38, दिनांक 13.02.2019

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा विषयक के सम्बन्ध में नवीनीकरण प्रस्ताव इस कार्यालय में चार प्रतियों में प्रेषित किया गया है। प्रस्ताव में निम्न कमियॉ / अभिलेखों का अभाव पाया गया।

1 प्रस्ताव के संलग्नक–9 पर अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने की वचनबद्धता दी गयी है। कृपया जिलाधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न कर इसे ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड की जाय।

2 प्रस्ताव के संलग्नक–6 पर इको क्लास एवं वानस्पतिक घनत्व के अनुसार एन0पी0वी0 की गणना का उल्लेख किया गया है लेकिन एन0पी0वी0 की गणना किस वानस्पतिक घनत्व के आधार पर किया गया है उल्लेख नहीं हैं।

3 प्रस्ताव में संलग्नक समस्त अभिलेखों पर प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं है।

अतः उपरोक्त कमियों का निस्तारण कराने का कष्ट करें।प्रस्ताव मूल में संलग्न है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(डा0प्रभाकर दूबे)
मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर